## विकास आयुक्त कार्यालय
## मध्यप्रदेश

क्रमांक 12443/एनआरईजीएस–एमपी/एनआर–3/16 भोपाल, दिनांक 9/12/2016

प्रति,

1. समस्त कलेक्टर. (मध्यप्रदेश)
2. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत (मध्यप्रदेश)
3. कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (समस्त)

विषय :– महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत ग्रामीण क्रीडांगन उपयोजना–मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन।

संदर्भः– शासन का पत्र क्रमांक 9543/एनआरईजीएस–एमपी/एनआर–3/13 दिनांक 12.12.2013.

––0––

राज्य शासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए निम्नानुसार दिशा–निर्देश जारी किए जाते हैं:–

I. खेल का मैदान ग्राम में ऐसे स्थान पर विकसित किया जाए जिसका सहजता से उपयोग किया जा सके। स्कूल एवं पंचायत भवन से लगे प्रांगण खेल का मैदान विकसित करने के लिए उपयुक्त होते हैं और उनका उपयोग भी सहज होता है।

II. प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने खेल मैदान के स्थल चयन तथा विकास के लिए तकनीकी दिशा–निर्देश जारी किए हैं जो विभागीय वेबसाईट prd.mp.gov.in पर उपलब्ध हैं।

II. प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने खेल मैदान की मानक डिजाईन, प्राक्कलन तथा लागत अनुमोदित की है जो इस पत्र के परिशिष्ट–1 एवं 2 में संलग्न है। मानक आकार के खेल मैदान बनाए जाने की दशा में पृथक से तकनीकी स्वीकृति एवं प्राक्कलन बनाया जाना आवश्यक नहीं होगा। प्रमुख अभियंता द्वारा जारी मानक प्राक्कलन एवं लागत को ही प्रशासकीय स्वीकृति के लिए मान्य किया जा सकेगा।

IV. प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा दो मानक डिजाईन बनाई गयी हैं। इनके आकार क्रमशः 100X100 मीटर तथा 80X60 मीटर है। खेल मैदान के आकार में मौके की स्थिति के अनुसार तब्दीली की जा सकती है बशर्ते कि खेल मैदान का क्षेत्रफल 4,000 वर्गमीटर से कम न हो।

V. बैठक व्यवस्था हेतु 10X1 मीटर की ईंट/क्रांक्रीट की बैंच एवं पृथक–पृथक पुरूष तथा महिला मूत्रालय के निर्माण के लिए लागत रू. 33,000/– निर्धारित की जाती है। खेल का मैदान विकसित करने के लिए प्रति वर्गमीटर रू. 32/– मानक लागत निर्धारित की जाती है।

09.12.16.

VI. खेल मैदान 100X100 मीटर अर्थात 10,000 वर्गमीटर का होने की दशा में मैदान की लागत रू. 3,20,000 एवं बैठक व्यवस्था तथा मूत्रालय निर्माण की लागत रू. 33,000 कुल लागत रू. 3,53,000 होगी। यदि खेल मैदान का आकार 80X60 मीटर अर्थात 48,00 वर्गमीटर हो तो लागत रू. 1,53,600+33,000 कुल रू. 1,86,600 होगी।

2. राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निम्नानुसार समयसीमा निर्धारित की जाती है:—

(अ) जिन पंचायतों में खेल के मैदान विकसित नहीं किए गए हैं उनमें खेल मैदान विकसित करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा उपयुक्त स्थल का चयन करने के लिए समयसीमा— 31 दिसंबर 2016.

(ब) जिन पंचायतों में खेल के मैदान विकसित नहीं किए गए हैं उनमें तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति देने के लिए समयसीमा— 15 जनवरी 2017.

(स) निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए समयसीमा— 26 जनवरी 2017.

(द) निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए समयसीमा— 31 मई 2017.

3. आपसे अपेक्षा है कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में वर्षा ऋतु के पूर्व खेल मैदान बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करें। वीडियो कांफ्रेंस में मैं प्रगति की नियमित समीक्षा करूंगा।

संलग्न—उक्तानुसार।

09.12.16

**(राधेश्याम जुलानिया)**
विकास आयुक्त
मध्यप्रदेश

पृ.क्रं 12444/एनआरईजीएस—एमपी/एनआर—3/16 भोपाल, दिनांक 9/12/2016

प्रतिलिपि—

1. संभागायुक्त समस्त।
2. प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, विकास आयुक्त कार्यालय, विन्ध्याचल भवन, भोपाल।
3. ओ.एस.डी., मा. मंत्रीजी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग।
4. संयुक्त आयुक्त, समन्वय, विकास आयुक्त कार्यालय, विन्ध्याचल भवन, भोपाल।
5. अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल, मध्यप्रदेश।
6. समस्त कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मध्यप्रदेश।
7. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मध्यप्रदेश।
8. समस्त ग्राम पंचायत को

वेबसाइट पर प्रकाशन से।

विकास आयुक्त
मध्यप्रदेश

# कार्यालय प्रमुख अभियंता
## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मध्यप्रदेश
### "बी" विंग, द्वितीय तल, विंध्याचल भवन, भोपाल
eincres@mp.gov.in ☎ 0755-2551398

क्रमांक 7256 /22/वि.–10/2016, भोपाल, दिनांक 9 /12/2016

प्रति,

1. कलेक्टर (समस्त), मध्यप्रदेश
2. मुख्य अभियंता (समस्त), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा परिक्षेत्र, मध्यप्रदेश
3. अधीक्षण यंत्री (समस्त), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मध्यप्रदेश
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी (समस्त), जिला पंचायत, मध्यप्रदेश
5. कार्यपालन यंत्री (समस्त), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मध्यप्रदेश

विषयः महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत **"ग्रामीण क्रीड़ांगन"** उपयोजना विषयक तकनीकी दिशा–निर्देश।

संदर्भः विकास आयुक्त का पत्र क्र.12443/एनआरईजीएस–एमपी/एनआर–3/16 भोपाल दिनांक 09.12.2016

महात्मा गांधी मनरेगा अंतर्गत ग्रामीण क्रीड़ांगन उपयोजना के संबंध में दिशा निर्देश विकास आयुक्त द्वारा जारी किये गये हैं। इसी तारतम्य में ग्रामीण क्रीड़ांगन के निर्माण के संबंध में विस्तृत तकनीकी दिशा निर्देश एवं माडल प्राक्कलन निम्नानुसार जारी किये जाते हैंः–

**1. स्थल का चयनः**

**1.1.** क्रीड़ांगन के निर्माण के लिये सामान्यतः समतल एवं आयताकार भूमि उपयुक्त होती है। ऊबड़–खाबड़ एवं ज्यादा ऊंची–नीची भूमि में समतलीकरण में व्यय अधिक होता है। कार्य स्थल ग्राम एवं स्कूल के पास हो एवं वर्षाकाल में आवागमन सुगम हो।

**1.2.** काली मिट्टी के क्षेत्रों में मैदान बनाने में विशेष अतिरिक्त सावधानी आवश्यक होगी।

**2. सीपीटी निर्माण (पशु अवरोधक नाली):**

**2.1.** भूमि का आधिपत्य हो जाने के पश्चात् सबसे पहले प्रोपर्टी लाईन से सटाते हुए सीपीटी को मार्क किया जावे एवं चूना की लाइन डाली जावे।

**2.2.** सीपीटी की खुदाई का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाये। सीपीटी की ऊपरी चौड़ाई, 2.25 मीटर, गहराई 0.75 मीटर, एवं नीचे की चौड़ाई 0.75 मीटर हागी। खुदाई पश्चात् उपयोगी मिट्टी को खेल मैदान में समतलीकरण हेतु उपयोग में लाया जायेगा। अन्य अनुपयोगी मिट्टी, पत्थर आदि को खाई के किनारे पर अंदर की ओर एकत्रित किया जाये।



Contd..

2.3. जिले के क्षेत्र में बड़े बोल्डर की उपलब्धता होने पर सीपीटी के स्थान पर ड्राय बोल्डर वॉल भी बनाई जा सकती है।

**3. खेल मैदान निर्माणः**

3.1. खुदाई एवं समतलीकरण करते समय मैदान का स्लोप पानी के बहाव की दिशा को ध्याम में रखते हुये बनाया जाये। यह स्लोप लगभग 1:500 स्थल के पानी की निकासी अनुसार होगा। यदि पानी का ढाल मैदान के लगभग मध्य से दोनों ओर है, तो ढाल दोनों दिशाओं में दिया जाये।

3.2. मैदान समतलीकरण करने के लिये अच्छे किस्म की मिट्टी अथवा मुरूम की आवश्यकता होगी। सीपीटी से प्राप्त मिट्टी/मुरूम का उपयोग इस हेतु किया जा सकता है। यदि इसके पश्चात् भी मुरूम की आवश्यकता होती है तो, स्थल के न्यूनतम दूरी से लाई जाकर एकत्रित की जावे। काली मिट्टी अथवा एक्सपान्सिव मिट्टी का उपयोग न करें।

3.3. मुरूम को लगभग 1:500 के ढाल में 30 से.मी. मोटाई में बिछाया जाये एवं उस पर आवश्यक होने पर पानी का छिड़काव (लगभग मिट्टी के भार का 15–18 प्रतिशत) किया जावे। इसे रोलर से इसे दबाया जायेगा।

3.4. रोलर 6 से 8 टन वजन का होता है और सामान्यतः 8 से 10 बार चलाने पर मुरूम की दबाई हो जाती है। रोलिंग तब तक की जाये, जब तक सतह पर रोलर के निशान बनना बंद न हो जाये। यदि ग्राम के नालों में मोटी रेत (20–30 प्रतिशत मिट्टी मिली हुई हो सकती है) उपलब्ध है तो उसे रोलिंग के समय ऊपरी सतह पर डाला जा सकता है। इससे सतह ठोस हो जाती है।

**4. बैठक व्यवस्थाः**

4.1. दर्शकों के बैठने के लिये ईंट/कांक्रीट की जुड़ाई की जाकर बैंच बनाई जायेगी। इस हेतु जमीन के अंदर 45 से.मी. गहराई तक खोदा जाएगा, 10 से. मी. की मोटाई में 1:4:8 (1 सीमेंट, 4 रेत, 8 गिट्टी) बेस कांक्रीट डाली जाकर उसके ऊपर 30 से.मी. मोटाई की ईंट की जुड़ाई जमीन स्तर तक की जायेगी।

4.2. जमीन के ऊपर 45 से.मी. तक 20 सेमी चौड़ाई में ईंट से जुड़ाई की जायेगी एवं इसके भीतर पक्की दानेदार मुरूम को भरा जाकर दुरमुट से कुटाई की जायेगी। इस के ऊपर 1:2:4 सीमेंट कांक्रीट 10 से.मी. की मोटाई में पूरी चौड़ाई में की जावेगी एवं उसे चिकना किया जावेगा। जमीन के ऊपर दीवाल पर सीमेंट का प्लास्टर 1:6 के अनुपात से किया जायेगा।

**5. लागत** : दो प्रकार के ग्रामीण क्रिड़ांगन के प्राक्कलन के आधार पर खेल मैदान की मानक लागत निम्नानुसार है :–

| क्रं. | विवरण | आकार | मानक लागत ( रू. लाख में) | मानक लागत प्रति वर्ग मीटर ( रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खेल मैदान | 100 मीटर x 100 मीटर | 3.20 | 32/– |
| 2 | खेल मैदान | 80 मीटर x 60 मीटर | 1.536 | 32/– |

b

**5.1** क्रीड़ांगन की मानक लागत रू. 32/— प्रति वर्ग मीटर होगी। अनुमानित लागत का विवरण परिशिष्ट—1 में दिया गया है। क्रीड़ांगन निर्माण का मॉडल एस्टीमेट परिशिष्ट—2 एवं 3 अनुसार हैं।

**6. तकनीकी मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण एवं गुणवत्ताः**

**6.1.** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अभियंता (कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री) निर्माण के तकनीकी पहलुओं और गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखेंगे।

**6.2.** निर्माण कार्य को पूर्ण करने की अवधि दो माह नियत की जाती है। यदि कार्य वर्षा ऋतु के टीक पहले प्रारंभ किया जाता है तो उसका नियोजन इस प्रकार किया जाए कि वर्षा के कारण क्षति न हो।

**6.3.** सहायक यंत्री निर्माण कार्य का निरीक्षण करेगा और माह में एक बार माप व मूल्यांकन का सत्यापन करेगा।

**6.4.** उपयंत्री सतत तकनीकी मार्गदर्शन देगा। नियत साप्ताहिक मजदूरी दिवस के पूर्व के दिन माप लेकर माप पुस्तिका में दर्ज करेगा और मूल्यांकन करेगा।

**संलग्नः 3 परिशिष्ट**

9/12/16

(प्रियदर्शी खैरा)
प्रमुख अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ.क्रमांक 7257 /22/वि.—10/2016, भोपाल, दिनांक 9 /12/2016

प्रतिलिपिः—

1. विकास आयुक्त, मध्य प्रदेश भोपाल
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग।
3. संभागायुक्त समस्त, मध्यप्रदेश।
4. आयुक्त, पंचायत राज संचालनालय।
5. आयुक्त, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद।
6. ग्रामीण विकास विभाग की सभी शाखाएं।

9/12/16

प्रमुख अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
मध्यप्रदेश, भोपाल

## ग्रामीण क्रीडांगन 80 x 60 मीटर की अनुमानित लागत का विवरण

| स.क्रं. | विवरण | लागत ( रू.) |
|---|---|---|
| 1. | मैदान का समतलीकरण – लगभग 30 से.मी. में खुदाई कर मिट्टी को फैलाना | 37,944 / – |
| 2. | अच्छे किस्म की मिट्टी, मुरूम ढुलाई कर लाना एवं बिछाई कार्य | 70,666 / – |
| 3. | मिट्टी को रोलर से पानी डालकर दबाई कार्य | 23,712 / – |
| 4. | मैदान की सुरक्षा हेतु सीपीटी (पशु अवरोधक नाली का कार्य) | 18,478 / – |
| 5. | सूचना बोर्ड एवं अन्य आवश्यक व्यय | 2,800 / – |
| | **योगः–** | **1,53,600 / –** |

## ग्रामीण क्रीडांगन 100 x 100 मीटर की अनुमानित लागत का विवरण

| स.क्रं. | विवरण | लागत ( रू.) |
|---|---|---|
| 1. | मैदान का समतलीकरण – लगभग 30 से.मी. में खुदाई कर मिट्टी को फैलाना | 79,050 / – |
| 2. | अच्छे किस्म की मिट्टी, मुरूम ढुलाई कर लाना एवं बिछाई कार्य | 1,44,860 / – |
| 3. | मिट्टी को रोलर से पानी डालकर दबाई कार्य | 61,750 / – |
| 4. | मैदान की सुरक्षा हेतु सीपीटी (पशु अवरोधक नाली का कार्य) | 26,340 / – |
| 5. | सूचना बोर्ड एवं अन्य आवश्यक व्यय | 8,000 / – |
| | **योगः–** | **3,20,000 / –** |

# MODEL ESTIMATE OF PLAY GROUND (80 x 60 M)

**Type -1**

***Estimated Cost (Rs. Lakh)*** ***1.536***

| S.No. | SOR Item Reference | Particulars | Qty. | Unit | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* |
| | | ***PART -1 LEVELLING OF GROUND*** | | | | |
| 1 | 2530 (a) | Loosening of hard soil such as moorum etc. by ploughing (tractor etc.) the existing ground exceeding 30cm in depth as well as 10 sqm on plan including all running expenses of machinne. | 720.00 | cum | 2.70 | 1944.00 |
| 2 | 2530 (b) | Spreading, dressing, breaking of clods of ploudged earth upto 20m. lead and lift upto 1.5m. disposed soil to be leveled and neatly dressed. | 720.00 | cum | 50.00 | 36000.00 |
| | ***PART -2 CONSTRUCTION OF GROUND*** | | | | | |
| 3 | 2530 (a) | Loosening of hard soil such as moorum etc. by ploughing (tractor etc.) the existing ground exceeding 30cm in depth as well as 10 sqm on plan including all running expenses of machinne. (Deduct 15 Cum Soil obtain from CPT) | 465.00 | cum | 2.70 | 1255.50 |
| 4 | 2530 (b) | Spreading, dressing, breaking of clods of ploudged earth upto 20m. lead and lift upto 1.5m. disposed soil to be leveled and neatly dressed. (Deduct 15 Cum Soil obtain from CPT) | 465.00 | cum | 50.00 | 23250.00 |
| 5 | 1902 (h) + 1904 (03) | Transportation of soil for 1.00 km lead (Deduct 15 Cum Soil obtain from CPT) | 465.00 | cum | 99.27 | 46160.55 |
| 6 | 2043 | Compaction of soil for construction of subgrade & earthen shoulders with approved transported material collected and stacked at site, i/c spreading, making 4% camber and required gradient by tractor mounted grader or labourers, watering at OMC and compacted by 80 to 100 kN static weight rollers to achieve desired density minimum 100% of the MDD as per IS:2720 (Part-7). Complete compaction work as per specifications for rural roads (MORD) clause 303, i/c required leads and lifts of materials etc. complete. | 960.00 | cum | 24.70 | 23712.00 |

| S.No. | SOR Item Reference | Particulars | Qty. | Unit | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* |
| | ***PART -3 PROTECTION WORK GROUND*** | | | | | |
| 7 | 2530 (a) | Loosening of hard soil such as moorum etc. by ploughing (tractor etc.) the existing ground exceeding 30cm in depth as well as 10 sqm on plan including all running expenses of machinne. For **CPT** | 350.00 | cum | 2.70 | 945.00 |
| 8 | 2530 (b) | Spreading, dressing, breaking of clods of ploudged earth upto 20m. lead and lift upto 1.5m. disposed soil to be leveled and neatly dressed. | 350.00 | cum | 50.00 | 17500.00 |
| 9 | | Provision for sign Board and Contengent Expenditure | 1.00 | each | 2800.00 | 2800.00 |
| | | **TOTAL** | | | | **153567.05** |
| | | **Say Rs.** | | | | **1.536** |
| | | **Add cost of sitting arrangement and two separate urinals for ladies and gents** | | | | **0.330** |
| | | **GRAND TOTAL** | | | | **1.866** |

**TYPE-2**

## GRAMIN KRIDANGAN




*PLAN (80.0mX60.0m.)*

*AREA=4800 sqm. (without road)*

# MODEL ESTIMATE OF PLAY GROUND (100 x 100 M)

**Type -2**

***Estimated Cost (Rs. Lakh)*** ***3.20***

| S.No. | SOR Item Reference | Particulars | Qty. | Unit | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* |
| | | ***PART -1 LEVELLING OF GROUND*** | | | | |
| 1 | 2530 (a) | Loosening of hard soil such as moorum etc. by ploughing (tractor etc.) the existing ground exceeding 30cm in depth as well as 10 sqm on plan including all running expenses of machinne. | 1500.00 | cum | 2.70 | 4050.00 |
| 2 | 2530 (b) | Spreading, dressing, breaking of clods of ploudged earth upto 20m. lead and lift upto 1.5m. disposed soil to be leveled and neatly dressed. | 1500.00 | cum | 50.00 | 75000.00 |
| | ***PART -2 CONSTRUCTION OF GROUND*** | | | | | |
| 3 | 2530 (a) | Loosening of hard soil such as moorum etc. by ploughing (tractor etc.) the existing ground exceeding 30cm in depth as well as 10 sqm on plan including all running expenses of machinne. | 1000.00 | cum | 2.70 | 2700.00 |
| 4 | 2530 (b) | Spreading, dressing, breaking of clods of ploudged earth upto 20m. lead and lift upto 1.5m. disposed soil to be leveled and neatly dressed. | 1000.00 | cum | 50.00 | 50000.00 |
| 5 | 1902 (h) + 1904 (03) | Transportation of soil for 0.5 km lead | 1000.00 | cum | 92.16 | 92160.00 |
| 6 | 2043 | Compaction of soil for construction of subgrade & earthen shoulders with approved transported material collected and stacked at site, i/c spreading, making 4% camber and required gradient by tractor mounted grader or labourers, watering at OMC and compacted by 80 to 100 kN static weight rollers to achieve desired density minimum 100% of the MDD as per IS:2720 (Part-7). Complete compaction work as per specifications for rural roads (MORD) clause 303, i/c required leads and lifts of materials etc. complete. | 2500.00 | cum | 24.70 | 61750.00 |

| S.No. | SOR Item Reference | Particulars | Qty. | Unit | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* |
| | ***PART -3 PROTECTION WORK GROUND*** | | | | | |
| 7 | 2530 (a) | Loosening of hard soil such as moorum etc. by ploughing (tractor etc.) the existing ground exceeding 30cm in depth as well as 10 sqm on plan including all running expenses of machinne. For **CPT** | 500.00 | cum | 2.70 | 1350.00 |
| 8 | 2530 (b) | Spreading, dressing, breaking of clods of ploudged earth upto 20m. lead and lift upto 1.5m. disposed soil to be leveled and neatly dressed. | 500.00 | cum | 50.00 | 25000.00 |
| 9 | | Provision for Sign Board and contingent expenditure | 1.00 | each | 8000.00 | 8000.00 |
| | | **TOTAL** | | | | **320010.00** |
| | | **Say Rs.** | | | | **3.20** |
| | | **Add cost of sitting arrangement and two separate urinals for ladies and gents** | | | | **0.33** |
| | | **GRAND TOTAL** | | | | **3.53** |

TYPE-1

## GRAMIN KRIDANGAN




PLAN (100.0mX100.0m.)

AREA=10000 sqm. (without road)